भारत सरकार

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 6281
दिनांक 02.04.2026 को उत्तर के लिए नियत

टीईएएम योजना के उद्देश्य

6281. **डॉ. अमोल रामसिंग कोल्हे:**
श्री धैर्यशील राजसिंह मोहिते पाटील:
श्रीमती सुप्रिया सुले:
प्रो. वर्षा एकनाथ गायकवाड़:
श्री संजय दिना पाटील:
श्री भास्कर मुरलीधर भगरे:

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को उद्यमों के लिए बाजार तक पहुंच, ब्रांडिंग, ई-कॉमर्स समेकन और निर्यात के अवसरों को बढ़ाने के लिए व्यापार सक्षमता और विपणन (टीईएएम) योजना के उद्देश्य की जानकारी है और महाराष्ट्र में उक्त उद्देश्यों को किस प्रकार प्राप्त किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या महाराष्ट्र में उक्त योजना के अंतर्गत जिला-वार कवरेज, उद्यमों की भागीदारी और निधियों के उपयोग का कोई आकलन किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या महाराष्ट्र में उद्यमों को डिजिटल बाज़ार में शामिल होने, ब्रांडिंग समर्थन, संभार तंत्र समेकन और राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों तक पहुंच से संबंधित चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या राज्य में उक्त योजना के प्रभावी कार्यान्वनय को सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त संस्थागत सहायता, प्रशिक्षण और समर्थन तंत्र विद्यमान है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) महाराष्ट्र में टीईएएम योजना के अंतर्गत पहुंच में सुधार के लिए क्या कदम उठाए गए हैं अथवा उठाए जाने का विचार है और क्या समय-सीमा तय की गई है?

उत्तर
सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री
(सुश्री शोभा करांदलाजे)

(क): व्यापार सक्षमता और विपणन (टीम) पहल एमएसएमई कार्य-निष्पादन का उत्थान और गतिवर्धन (रैम्प) कार्यक्रम के अंतर्गत सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा शुरू की गई है, जिसका उद्देश्य ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) के माध्यम से सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए बाजार पहुंच, ब्रांडिंग, डिजिटल मार्केटिंग क्षमताओं, ई-कॉमर्स एकीकरण और निर्यात के अवसरों को बढ़ाना है।

टीम पहल के प्रमुख उद्देश्यों में निम्न शामिल हैं:

• डिजिटल वाणिज्य भागीदारी को सक्षम बनाने के लिए ओएनडीसी नेटवर्क पर एमएसएमई को शामिल करने की सुविधा प्रदान करना।
• डिजिटल उत्पाद कैटलॉग के निर्माण, ब्रांडिंग और पैकेजिंग सुधारों में एमएसएमई की सहायता करना।
• ई-कॉमर्स प्रचालन, डिजिटल मार्केटिंग, लॉजिस्टिक्स और ऑनलाइन भुगतान पर प्रशिक्षण और क्षमता वर्धन प्रदान करना।
• भाग लेने वाले उद्यमों के लिए बाजार संपर्कों को सुदृढ़ करना और ऑनलाइन बिक्री के अवसरों को बढ़ाना।

(ख) से (ङ): कार्यान्वयन एजेंसी (आईए) के रूप में एनएसआईसी महाराष्ट्र सहित देश भर के विभिन्न जिलों/स्थानों में एमएसएमई टीम कार्यशालाएं आयोजित करता है, जिससे एमएसएमई को एसएनपी द्वारा टीम पोर्टल और ओएनडीसी प्लेटफॉर्म पर ऑन-बोर्डिंग के लिए जागरूकता कार्यशालाओं, पथ-प्रदर्शन सहायता और सुविधा के माध्यम से कार्यप्रवृत किया जा सके, जो उन्हें डिजिटल स्टोरफ्रंट स्थापित करने, व्यापक बाजार तक पहुंच बनाने और ऑनलाइन व्यापार में भाग लेने में सक्षम बनाते हैं।

*****